# विश्वनाथ धाम में टूटे पिछले सभी रिकॉर्ड, 10 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

## आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को एक सेकंड में 14 श्रद्धालुओं ने बाबा के झांकी दर्शन किए, भक्तों ने दर्शन-पूजन का नया रिकॉर्ड ही बना दिया

**तेजयुग न्यूज**


**वाराणसी :** शिवभक्तों की आस्था के सबसे बड़े उत्सव महाशिवरात्रि पर काशी में बाबा विश्वनाथ दरबार में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे। विश्वनाथ धाम में लाखों भक्तों की कतार लगी है। भोर से ही भक्त बाबा के दर्शन को आतुर दिख रहे हैं। महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन का नया रिकॉर्ड ही बना दिया।

शाम छह बजे तक 7.81 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में दर्शन किए। इससे पहले एक जनवरी 2024 को 7.25 लाख लोगों ने बाबा के दर्शन किए थे। आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को एक सेकंड में 14 श्रद्धालुओं ने बाबा के झांकी दर्शन किए। मंगला आरती से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का सिलसिला अनवरत 45 घंटों तक चलेगा। शुक्रवार की भोर में मंगला आरती के बाद 3ः15 बजे से दर्शन-पूजन के लिए मंदिर के कपाट खुल गए। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने कतारबद्ध श्रद्धालुओं पर गुलाब के फूल बरसाकर स्वागत









किया। सात घंटे पहले से ही कतार में लगे हुए श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। गेट नंबर चार से एक कतार दशाश्वमेध घाट की तरफ तो दूसरी कतार चौक थाने के आगे तक लगी थी। हर-हर महादेव... और जय श्रीराम... का जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं का रेला बाबा के धाम में प्रवेश करने लगा।

सुबह छह बजे तक 1.78 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में दर्शन किए। दर्शनार्थियों का आंकड़ा प्रति सेकंड 16 श्रद्धालुओं का रहा। नौ बजे तक 3.88 लाख, 10 बजे तक 4.53 लाख, 11 बजे तक 4.94 लाख, 12 बजे तक 5.42 लाख, एक बजे तक 5.98 लाख, दो बजे तक 6.56 लाख, तीन बजे तक 6.82 लाख, चार बजे तक 7.26 लाख, पांच बजे तक 7.57 लाख और शाम छह बजे तक 7.81 लाख ने दर्शन किए थे। इस दौरान दर्शनार्थियों पर फूल भी बरसाए गए। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए परिसर में चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है। जगह- जगह स्थानों पर पेयजल चिकित्सा की टीमें तैनात हैं। महाशिवरात्रि का पर्व श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पर्व पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं। भक्तों ने भोर से ही बाबा का जलाभिषेक कर जीवन मंगल की कामना की।

महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा दरबार में बाबा श्री काशी विश्वनाथ की एक झलक पाने के लिए दर्शनार्थी गुरुवार की शाम से ही कतार बद्ध होकर सभी प्रवेश द्वारों पर इंतजार करने लगे। मंगला आरती के पश्चात जैसे ही भोर में 4 बजे बाबा का पट आम दर्शनार्थियों के लिए खुला सभी श्रद्धालु हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए बाबा दरबार में पहुंचे और जलाभिषेक कर जीवन मंगल कामना की।इस वर्ष महाशिवरात्रि के बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के लिए लगभग 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में दर्शन के लिए बहुत अधिक भीड़ देखने को मिल रही है।

### काशी में शिव विवाह के साक्षी बनेंगे शिवभक्त

महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवभक्त भगवान शिव और माता गौरा के विवाह के साक्षी बनेंगे। पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का आवास जनवासा बनेगा तो श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का गर्भगृह मंडप में तब्दील हो जाएगा। शिवयोग, सर्वार्थ सिद्धि, सिद्धि योग और शुक्र प्रदोष के संयोग में महाशिवरात्रि का महापर्व मनेगा। भगवान शिव और मां गौरा के विवाहोत्सव के आयोजन होंगे। सोनार पुरा स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। इस दौरान भोले के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ समेत वाराणसी के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का रेला लगा है। वहीं अधिकारियों द्वारा सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भ्रमण लगातार जारी है। सख्त आदेश है कि भक्तों को कोई समस्या न हो। बाबा विश्वनाथ के मंगला आरती के बाद से पांचों द्वार से भक्तों का हुजूम पहुंच रहा है। धाम में बाबा के एक झलक पाने को भक्त निहाल रहे। एक्टर सिद्धार्थ काशी विश्वनाथ बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। जंगमबाड़ी मठ से विश्वराध्या जयंती पर निकली शोभायात्रा। कुलपति तिवारी के आवास पर वर वधु के रूप में सजाए गए महादेव व माता पार्वती।

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में गूंजा 'हर हर महादेव'

## इस मौके पर मंदिर परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया



**आलोक गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर) :** शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तो ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जलाभिषेक किया। स्थानीय दुखः हरण नाथ मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, पंचवटी राधा कृष्ण मंदिर, गैड़स बुजुर्ग के ग्राम सहियापुर स्थिति बौराहे बाबा मंदिर में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिवलिग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर मंदिर परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पर लंगर का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों में सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था रही। लोगों की भीड़ को देखते हुए शिव मंदिरों के आसपास पुलिस के जवान तैनात रहे।

शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह दस बजे तक शहर के मेन रोड स्थित दुखहरण नाथ के शिव मंदिर में महिला व पुरुषों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान पूजा को पहुंचे महिला व पुरुष हर-हर महादेव तथा जय भोले शंकर का जयकारा लगाते रहे। जलाभिषेक को लोगों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूर, भांग, बेर, अक्षत, धूप, दूध तथा जल से पूजा अर्चना करने में जुटे रहे। महाशिवरात्रि को देखते हुए मंदिर के आसपास दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी सजा रखी थी। दुखहरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी व बौराहे दास मंदिर के मुख्य पुजारी गुलाब गिरी ने बताया कि सुबह में वैदिक मंत्रोच्चार से जलाभिषेक और पूजा आरती का दौर शुरू हुआ। जो पूरे दिन जारी रहा। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे से माहौल भक्तिमय बना रहा। शिवालयों पर महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ पूरे दिन लगी रही। विदित हो की हर साल की भांति इस साल भी मंदिर परिसर को पुरी तरह से सजाया गया था।

# महाशिवरात्रि पर्व पर 675 वर्ष पुराना राजगुरु बाबा मंदिर पर मेला आयोजित

## मेले का उद्घाटन समाजसेवी मदन लाल जायसवाल ने किया, हर मांगी मनोकामना पूरी होगी

**आशुतोष चौधरी**

**गैंसडी (बलरामपुर) :** महाशिवरात्रि पर्व पर गैंसडी क्षेत्र के 675 वर्ष पुराना राजगुरु बाबा मंदिर पर आयोजित मेले का उद्घाटन मदन लाल जायसवाल ने किया। गैंसडी नेपाल सीमा पर सटे ठकुरापुर ग्राम पंचायत में प्रसिद्ध राजगुरु बाबा मंदिर जो सन 1349 में बना था, यहां हर वर्ष शिवरात्रि पर 3 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।

शुक्रवार को मेले का उद्घाटन समाजसेवी मदनलाल जायसवाल ने किया। राजगुरु बाबा मंदिर की मान्यता है कि यहां मागी गई हर मनोकामना पूरी होती है। 675 वर्ष पुराने मंदिर जो अपनी पुरातत्व समेटे हुए है बताया जाता है कि राजगुरु बाबा नेपाल के प्रसिद्ध मंदिर प्रभू नाथ बाबा के यहां मंदिर के अंदर बने सुरंग से आते जाते थे। वह सुरंग आज भी मौजूद है। मेले में भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर धर्मपाल यादव,राम नेवास यादव, बाबूलाल यादव, नानबाबू यादव,मनोज यादव, कन्हई यादव,शिव प्रसाद यादव, सुभाष यादव, राधेश्याम वर्मा,राम देव यादव,भोला यादव, राम छबीले,मगरे यादव,मानिक राम यादव आदि कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# उतरौला आर्य समाज का 91वां वार्षिक उत्सव 8 मार्च से 11 मार्च तक

**आलोक गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर) :**आर्य समाज मंदिर उतरौला में महर्षि बोध दिवस (महाशिवरात्रि) के पावन अवसर पर आर्य समाज का 91वा वार्षिक उत्सव 8 मार्च से 11 मार्च तक मनाया जा रहा है। वार्षिक उत्सव में शुक्रवार को प्रातः काल 8ः00 बजे यज्ञ, भजन उपदेश कार्यक्रम किया गया उसके बाद दोपहर में एक शोभायात्रा निकाला गया।

शोभायात्रा आर्य समाज मंदिर से निकलकर खाकी दास मंदिर से होता हुआ मुख्य मार्ग से चलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा व अंबेडकर चौराहा से होकर वापस मंदिर पर समाप्त हुआ। इस दौरान आर्य समाजियों ने




महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा समाज के प्रति किए गए कार्यो की व्याख्या करते रहे। जुलूस में ई रिक्शा वाहनों पर आर्य समाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती व विद्वानों के पोस्टर लगे हुए थे। शोभा यात्रा में जगह-जगह शास्त्र कला का प्रदर्शन भी किया गया। जुलूस में आए विभिन्न विद्वान वेद पुराण उपनिषद का उपदेश समाज को देते रहे।

प्रधान दिलीप कुमार आर्य ने बताया की कार्यक्रम में आर्य जगत के प्रतिष्ठित एवं क्रांतिकारी विचारोपदेशक एवं भजनोपदेशक अपनी अमृतमयी वाणी से ओजस्वी विचार भजन उपदेश एवं वेद के मार्मिक कथा का रसपान कराएंगे। साथ ही साथ धर्म रक्षा सम्मेलन, महिला सम्मेलन एवं राष्ट्र सुरक्षा सम्मेलन व युवा सम्मेलन का कार्यक्रम भी होगा।

इस अवसर पर सतीश चंद्र आर्य, दिनेश कुमार आर्य, महेश कुमार आर्य, अनिल कुमार तिवारी, बसंत आर्य, ज्ञान प्रकाश आर्य, अरविंद कुमार सोनी, सुरेंद्र प्रताप आर्य, वेद रामपाल विद्या वाचस्पति, संजय कुमार के साथ सैकड़ो आर्य परिवार के लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पर पुलिस की टोली व शोभा यात्रा के साथ भारी संख्या में पुलिस कर्मी नजर आए।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

**नसीराबाद/रायबरेली :** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक (14) वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मां की तहरीर थाने में पड़ने के बाद पुलिस ने एक युवक के खिलाफ बहला फुसला कर भगा ले जाने के तहत मामला दर्ज करते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक को सौंपी गई है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के दरवाजे के सामने सो रही 14 वर्षीय किशोरी के गायब होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। साथ ही गांव में सनसनी फ़ैल गई। काफी खोज बीन पर भी जब किशोरी का कहीं सुराग नही लगा।तब किशोरी की मां ने पडोसी गांव निवासी एक युवक पर बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी। थाने में दी गयी तहरीर में पीडिता ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी गाव मे रहने वाले साजन बर्मा बहला फुसलाकर कही भगा ले गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर साजन बर्मा पुत्र रामदेव वर्मा निवासी ग्राम पूरे कुर्मिन मजरे बिरनावा के खिलाफ धारा 363 366, आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक दया शकर को सौंपी गई है।

# केशरी नंदन विद्या निकेतन में धूम-धाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## कार्यक्रम का आयोजन सिजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तत्वावधान में किया गया था




**रईस अहमद**

**पचपेड़वा (बलरामपुर) :** गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के पचपेड़वा के आजम डीह चौराहे पर स्थित केशरी नंदन विद्या निकेतन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तत्वावधान में किया गया था। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के बीच कला प्रतियोगिता भी कराया गया जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रथम दस छात्र छात्राओं एवं 34 अन्य को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गोष्ठी के दौरान कंपनी के टीएम प्रदीप कुमार यादव ने विस्तार से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के औचित्य पर चर्चा करते हुए कहा कि महिला का शिक्षित एवं स्वावलबी होना समाज के लिए अति आवश्यक है। 8 मार्च 1975 में सबसे पहले अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत हुई थी। तभी से प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को महिलाओं के स्वाभिमान एवं सम्मान की जागरूकता के लिए यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। एमडीओ बब्बू प्रताप सिंह ने कहा महिला दिवस मनाया जाना तभी सार्थक होगा जब समाज की सभी लड़कियों के अंदर शिक्षा के प्रति रुचि बढे। क्योंकि शिक्षित महिलाएं ही अधिकार एवं कर्तव्य दोनों पहलुओं का पालन कर सकती है। एमडीओ शैलेश कुमार यादव एवं विष्णु शुक्ला द्वारा कला प्रतियोगिता में जिन छात्र छात्राओं ने सिजेंटा धान 4003 के पैकेट को कलर करके बेहतर स्वरुप देने का प्रयास किया था। उनमें

प्रथम स्थान पर चयनित करिश्मा, महिमा विश्वकर्मा, रीना जायसवाल को दीवार घड़ी, द्वितीय स्थान पर चयनित अंजुम, शहर बानों, लक्ष्मी, सावित्री को बैग, तीसरे स्थान पर चयनित प्रिया साहू, नूरसबा, नीतू को पानी का बोतल एवं 34 अन्य छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक तेज बहादुर यादव, प्रधानाचार्य विजय यादव ने सिजेंटा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अलग-अलग स्थानों पर मारपीट, सात पर केस दर्ज

**तेजयुग न्यूज**

**नसीराबाद/रायबरेली।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों में हुई मारपीट में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। हालांकि खूनी इस संघर्ष में सभी आरोपी फरार बताए हैं। पहली घटना थाना क्षेत्र के पलिहार मजरे बढ़ौना का प्रकाश में आया है जहां उपरोक्त गांव निवासी मैजुल निशा पत्नी मकसूद ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 7 मार्च 2024 को दिन के लगभग 3 बजे जमीन पर कब्जा करने की नियत से गांव निवासी जाहिद पुत्र शरीफ, इस्लाम पुत्र रियासत, किस्मतुन पत्नी इस्लाम,रेशमा पत्नी जाहिद, तैसीन पुत्र इस्लाम आदि मौके पर पहुंचकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे विरोध करने पर जान से मारने की भी धमकी दी।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरा मामला नगर पंचायत क्षेत्र की है जहां पूर्व सभासद हसीब पुत्र हबीब उल्ला निवासी कस्बा वार्ड नंबर 10 का आरोप है कि 6 मार्च 2024 की शाम करीब 5ः00 बजे होटल पर बैठा था तभी नगर निवासी हरिजन कॉलोनी वार्ड नंबर एक लाला की बाजार कल्लू पुत्र स्वर्गीय हमीद चिकवा व अनीस उर्फ बग्गा पुत्र कल्लू चिकवा आए और मां बहन की भद्दी भद्दी गलियां एवं जान से मार देने की धमकी देते हुए लात घुसा और लाठी डंडों से मरने पीटने लगे प्रार्थी किसी तरह अपनी जान बचाकर पास में मौजूद एक घर में घुस गया तो उक्त लोग घर में घुसकर भी खूब मारा पीटा वही मामले में नसीराबाद थाना अध्यक्ष राम लखन पटेल ने बताया कि दोनों मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में 'अनंता कार्यक्रम' का आयोजन

**तेजयुग न्यूज**

**बलरामपुर :** जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ÷अनंता कार्यक्रम÷ का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनने हेतु किये जा रहे प्रयासों के लिए प्रशंसा करते हुये उत्साहवर्धन किया तथा सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने हेतु आग्रह किया । इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली 19 महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित



किया । महिलाओं द्वारा अपने स्व रोजगार एवं चुनौतियों के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशंसा पत्र पाकर सभी महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा महिलाओं ने यह भी बताया कि वे स्वयं को आत्म निर्भर बनने के साथ ही अपने आस-पास की महिलाओं को भी आत्म निर्भर बनाने में पूरा सहयोग करेंगी।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्सय, प्रदीप कुमार द्विवेदी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, रागिनी मिश्रा महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केन्द्र, श्रीमती दीपिका तिवारी, जिला समन्वयक, ओंकारनाथ चौधरी, प्रबन्धक, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान बलरामपुर अमित कुमार, कनिष्ठ सहायक, बद्री विशाल परामर्शदाता, सुनील कुमार वर्मा आंकड़ा विश्लेषक, चिनकान प्रसाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित कार्यक्रम में कुल 45 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।